कार्यालय प्राचार्य
शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला – बालोद (छ.ग.)
Website - http://www.govtcollegegunderdehi.in/ Email Id – gskycollege@gmail.com

गुण्डरदेही, दिनांक – 29-07-2025

# // सूचना //

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में इस महाविद्यालय से स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालय में स्वाध्यायी परीक्षार्थी हेतु "स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024" लागू किया गया है। इसके अंतर्गत इस महाविद्यालय में स्वाध्यायी/अमहाविद्यालयीन/प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में बी.ए./बी.कॉम/बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए सेमेस्टर प्रणाली से आयोजित की जायेगी, जिसके लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। स्वाध्यायी विद्यार्थी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के पोर्टल से पंजीयन करने तथा महाविद्यालय में उपलब्ध GE एवं VAC का चयन कर उक्त पंजीयन फार्म की हार्डकॉपी समस्त संलग्नों सहित महाविद्यालय में अंतिम तिथि **01-09-2025** तक अनिवार्य रूप से श्रीमती ऋतु सोरी, सहायक प्राध्यापक (वनस्पतिशास्त्र) से प्रतिहस्ताक्षर कराने के पश्चात् कार्यालय में श्रीमती विभा यादव के पास आवश्यक शुल्क सहित जमा करना सुनिश्चित करें।

छात्र–छात्राएं विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना का अनिवार्य रूप से अवलोकन करने के पश्चात् ही पंजीयन फार्म भरें।

**महाविद्यालय में पंजीयन फार्म के साथ संलग्न कर जमा किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज :–**

01. ऑनलाईन पंजीयन फार्म फार्म की हार्डकॉपी। (दो प्रति महाविद्यालय में जमा करें एवं एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।)
02. दसवीं एवं बारहवी कक्षा उत्तीर्ण अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
03. ABC Id (एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट) की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
04. निवासी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
05. माइग्रेशन प्रमाण पत्र की मूलप्रति। (आवश्यकतानुसार)
06. पात्रता प्रमाण पत्र की मूलप्रति। (आवश्यकतानुसार)
07. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
08. गैप प्रमाण पत्र की मूलप्रति। (आवश्यकतानुसार)
09. नाम/उपनाम परिवर्तन की स्थिति में नाम/उपनाम परिवर्तन फार्म/विवाह प्रमाण पत्र/शपथ पत्र। (आवश्यकतानुसार)
10. पासपोर्ट 01 साइज फोटो।

प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Shahid Koushal Yadav College
Gunderdehi, Distt.-Balod (C.G.)

NEP-2020_89

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16 / 2015 द्वारा स्थापित)

Email.-exam@durguniversity.ac.in Website :- www.durguniversity.ac.in Phone No. 0788-2359100


क्र.291/पंजीयन/NEP/स्वाध्यायी/2025 दुर्ग, दिनांक 29/07/2025

## //अधिसूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्वाध्यायी/अमहाविद्यालयीन/प्राईवेट छात्र/छात्रा के रूप में सत्र 2025-26 के अन्तर्गत बी.ए/बी.एससी./बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से परीक्षा में सम्मिलित होंगे उनके लिए परीक्षा पद्धति "सेमेस्टर प्रणाली" से आयोजित की जायेगी। जिसके लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है, अतः प्राईवेट विद्यार्थियों के पंजीयन हेतु विश्वविद्यालयीन पोर्टल www.durguniversity.ac.in के माध्यम से पंजीयन आवेदन फार्म प्रारंभ करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:-

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 01 | पंजीयन हेतु पोर्टल खोले जाने की तिथि (केवल बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर में स्वाध्यायी/प्राईवेट/अमहाविद्यालयीन छात्र के रूप में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए) | 30-07-2025 से 31-08-2025 तक |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा पंजीयन आवेदन की हार्डकापी आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालयों में जमा करने की अंतिम तिथि | 01-09-2025 तक |
| 03 | स्वाध्यायी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध GE/DSE/VAC/SEC का विद्यार्थियों से सहमति उपरांत आबंटन तथा ऑनलाइन वेरीफाई करने की अंतिम तिथि | 01-09-2025 से 25-09-2025 तक |
| 04 | महाविद्यालय द्वारा GE/DSE/VAC/SEC कोर्सवार विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय प्रेषित करने की अंतिम तिथि | 30-09-2025 तक |

### आवश्यक दिशा-निर्देशः-

- पंजीयन हेतु शुल्क के रूप में राशि रूपये 150/- (शब्दों में राशि रूपये एक सौ पचास मात्र) का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से करना होगा।
- समस्त विद्यार्थी को ABC आई.डी. बनाना अनिवार्य है तत्पश्चात ही वे पंजीयन फार्म भर सकेंगे। (ABC आई.डी. हेतु लिंक https://www.abc.gov.in)
- विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन पंजीयन करने के उपरांत पंजीयन आवेदन फार्म संबंधित महाविद्यालय में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा करना तथा संबंधित महाविद्यालयों में उपलब्ध GE/VAC/SEC का विद्यार्थियों से सहमति उपरांत आबंटन करना अनिवार्य है ।
- महाविद्यालय अपनी वेबसाईट पर संबंधित महाविद्यालय में उपलब्ध GE/VAC/SEC की सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगे।
- निर्धारित अंतिम तिथि तक पंजीयन आवेदन फार्म की हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं करने पर संबंधित विद्यार्थी का पंजीयन निरस्त कर दिया जायेगा।

- पंजीयन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि उपरांत उपरोक्त पाठ्यक्रमों में स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पृथक से अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।
- स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन प्रथम/द्वितीय, असाईनमेंट तथा प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी संबंधित महाविद्यालयों द्वारा प्रदान की जायेगी।
- सेमेस्टर पद्धति के अन्तर्गत शामिल स्वाध्यायी विद्यार्थियों का पंजीयन प्रथम सेमेस्टर में केवल एक बार ही कराया जाएगा, इन्हें प्रत्येक सेमेस्टर में पंजीयन की आवश्यकता नहीं होगी।
- स्वाध्यायी छात्र/छात्रा को सत्र के मध्य में महाविद्यालय/केन्द्र परिवर्तित करने का विकल्प नहीं रहेगा। अतः विद्यार्थी सावधानीपूर्वक महाविद्यालय का चयन करेंगे।
- प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु मानदेय पूर्ववत विश्वविद्यालय के नियमानुसार रहेगा।
- पंजीयन आवेदन जमा करने पर अग्रेषण शुल्क के रूप में राशि रू. 30/- (रूपये तीस मात्र) का भुगतान संबंधित महाविद्यालय में करना होगा जिसकी रसीद संबंधित महाविद्यालय विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे।
- प्रायोगिक विषयों के स्वाध्यायी विद्यार्थियों हेतु सेमेस्टर परीक्षा के 45 दिवस पूर्व प्रायोगिक कक्षाएं/लैब वर्क का संचालन अनिवार्य रूप से किया जाए एवं पाठ्यक्रम के आधार पर प्रायोगिक कार्य पूर्ण कराया जाए।
- स्वाध्यायी विद्यार्थियों से महाविद्यालय आंतरिक परीक्षा एवं स्वाध्यायी विद्यार्थी प्रकोष्ठ हेतु शुल्क के रूप में प्रति सैद्धांतिक विषय 50 रूपये (पचास) तथा प्रति प्रायोगिक विषय 100 रूपये (एक सौ) लेंगे। उपरोक्त राशि प्रति सेमेस्टर की दर से भुगतान किया जाना होगा।
- प्रत्येक स्वाध्यायी विद्यार्थी को 30 घंटे की प्रायोगिक कक्षा/लैबवर्क का मिलना चाहिए जो एक क्रेडिट के बराबर होगा। (ज्ञातव्य हो कि प्रायोगिक विषय में 3 क्रेडिट Theory एवं 1 क्रेडिट Practical है।)
- प्रायोगिक परीक्षाएं पूर्ववत विश्वविद्यालय के समय सारणी अनुसार ली जायेगी तथा प्राप्तांकों को संबंधित महाविद्यालय विश्वविद्यालय को ऑनलाईन प्रेषित करेंगे, इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विस्तृत निर्देश पृथक से जारी किए जायेंगे।

कुलसचिव

क्र.292/पंजीयन/NEP/स्वाध्यायी/2025 दुर्ग, दिनांक 29/07/2025

प्रतिलिपिः-

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, राजभवन, रायपुर, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक-सी-30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित कार्य सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा / राजनांदगांव/ कबीरधाम /बालोद / मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी/ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला – बालोद (छ.ग.)
Website - http://www.govtcollegegunderdehi.in/ Email Id – gskycollege@gmail.com

दिनांक 26.06.2025

सत्र 2025-26 के लिए बी.ए. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडिशन कोर्स (VAC)

| Sl. | Course code | Course title |
|---|---|---|
| 01 | BOVAC-01 | Herbal Plant & Human Health |
| 02 | SOVAC-01 | Indian Tradition and Values |
| 03 | ZOVAC-01 | Public Health and Hygiene |
| 04 | ENVAC-01 | Emotional Intelligence |
| 05 | MAVAC-01 | Basic Mathematics & Logic |

सत्र 2025-26 के लिए बी.कॉम. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडिशन कोर्स (VAC)

| Sl. | Course code | Course title |
|---|---|---|
| 01 | COVAC-01 | Concept of Business |
| 02 | COVAC-02 | Fundamentals of stock market |
| 03 | ENVAC-01 | Emotional Intelligence |
| 04 | MAVAC-01 | Basic Mathematics & Logic |

सत्र 2025-26 के लिए बी.एस–सी. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडिशन कोर्स (VAC)

| Sl. | Course code | Course title |
|---|---|---|
| 01 | CHVAC-01 | Chemistry in Daily Life |
| 02 | PHVAC-01 | Renewable Energy and Energy Harvesting |
| 03 | ENVAC-01 | Emotional Intelligence |
| 04 | MAVAC-01 | Basic Mathematics & Logic |

श्री आर.पी.निषाद
संयोजक NEP

प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Shahid Koushal Yadav College
Gunderdehi, Distt.-Balod (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य
**शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला – बालोद (छ.ग.)**
**Website - http://www.govtcollegegunderdehi.in/** **Email Id – gskycollege@gmail.com**

दिनांक 26.06.2025

**सत्र 2025-26 के लिए बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स (GE)**

| Sl. | Course code | Course title | Course conducted by |
|---|---|---|---|
| 01 | BOGE-01 | Elementary Botany | Department of Botany |
| 02 | COGE-02 | Business law | Department of Commerce |
| 03 | BBGE-01 | Principle of management | Department of Commerce (BBA) |

**सत्र 2025-26 के लिए बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स (GE)**

| Sl. | Course code | Course title | Course conducted by |
|---|---|---|---|
| 01 | ZOGE-01 | Life on Earth & Unique Attribute of Animal Kingdom | Department of Zoology |
| 02 | ECGE-01 | Basics of Economics | Department of Economics |
| 03 | HNGE-01 | हिन्दी साहित्य का इतिहास | Department of Hindi |

**सत्र 2025-26 के लिए बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स (GE)**

| Sl. | Course code | Course title | Course conducted by |
|---|---|---|---|
| 01 | HNGE-01 | हिन्दी साहित्य का इतिहास | Department of Hindi |
| 02 | SOGE-01 | Introduction of Sociology | Department of Sociology |
| 03 | COGE-01 | Fundamental Of Accounting | Department of Commerce |

श्री आर.पी.निषाद
संयोजक NEP

प्राचार्य
**PRINCIPAL**
**Govt. Shahid Koushal Yadav College**
**Gunderdehi, Distt-Balod (C.G.)**

# शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला – बालोद (छ.ग.)

# स्वाध्यायी विद्यार्थियों द्वारा देय शुल्क विवरण (प्रति सेमेस्टर)

## (स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति – 2024 के अनुसार)

| क्र. | कक्षा | DSC | AEC | GE | VAC | जनभागीदारी शुल्क | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए. प्रथम सेमेस्टर | 150.00 | 50.00 | सैद्धांतिक विषय – 50/ प्रायोगिक विषय – 100 | 50.00 | 500.00 | 800.00/850.00 |
| 2 | बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर | 150.00 | 50.00 | | 50.00 | 500.00 | 800.00/850.00 |
| 3 | बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर | 300.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 500.00 | 950.00 |

टीप :– उक्त शुल्क के अतिरिक्त 30/– अग्रेषण शुल्क देय होगा।

प्राचार्य

PRINCIPAL
Govt. Shahid Koushal Yadav College
Gunderdehi, Distt.-Balod (C.G.)